**22/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षा रणनीति में एक नई रेखा खींच दी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में आतंकवादी भेजने या हमले की योजना बनाने के बाद कोई भी बच नहीं सकता। प्रधानमंत्री ने आज बिहार के गया में 12 हज़ार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। ये परियोजनाएँ बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल आपूर्ति सहित कई क्षेत्रों से संबंधित हैं। श्री मोदी ने गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन और वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई, जिससे क्षेत्र के प्रमुख बौद्ध स्थलों पर पर्यटन और धार्मिक यात्रा को बढ़ावा मिलेगा।

0000000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देकर और घरेलू कंपनियों के लिए उपयुक्त विकास वातावरण बनाकर एक मजबूत रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने और विमान के इंजन के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी कंपनी साफ्रान के साथ मिलकर देश में इंजन निर्माण शुरू होने जा रहा है।

आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में, रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने HAL को 66 हज़ार करोड़ रुपये की लागत से 97 तेजस लड़ाकू विमान बनाने के एक नए ऑर्डर को मंजूरी दी है।

0000000000000000000000

श्री नांग्रारम कानी के नेतृत्व में इंडिजेनस प्रीस्ट ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी.परनाइक, से मुलाकात की। बैठक में राज्यपाल ने उनके साथ सार्थक बातचीत की, उनके अनुभव सुने और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के साथ-साथ स्वदेशी संस्कृति को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने इस बात पर ज़ोर दिया कि अनुष्ठान सार्थक और वैज्ञानिक तर्क से निर्देशित होने चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे समाज की सकारात्मक सेवा को ध्यान में रखकर किए गए हो। सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, राज्यपाल ने सुझाव दिया कि स्वदेशी अनुष्ठानों और प्रथाओं को आने वाले पीढ़ियों के लिए सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाना चाहिए।

0000000000000000000000

पासीघाट, कायिंग और यिंगकिओंग डिवीज़न के ग्रामीण निर्माण विभाग के अंतर्गत चल रही PMGSY, VVP और SASCI परियोजनाओं की प्रगति स्थिति का आकलन और निगरानी के लिए आज पासीघाट सर्कल स्थित ग्रामीण निर्माण विभाग के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर कार्यालय में एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सेक्रेट्री, आरडब्ल्यूडी पी. एन. थुंगन ने PMGSY-I और III से संबंधित देरी की समीक्षा की। उन्होंने इन परियोजनाओं को मार्च 2026 से पहले पूरा करने की आवश्यकता पर बल देते हुए क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं पर ध्यान केंद्रीत किया।

0000000000000000000000

भारतीय सेना के दाओ डिवीजन ने राज्य के दिबांग और दाउ देलाई वैली के अग्रिम इलाकों में मोबाइल संचार को बेहतर बनाने के लिए भारती एयरटेल प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता इन दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे सेलुलर नेटवर्क कवरेज में सुधार होगा, विश्वसनीय संचार सुविधाएँ सुनिश्चित होकर स्थानीय लोगों सहित तैनात सैनिकों को लाभ प्रदान करेगा।

0000000000000000000000

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (SCERT), ईटानगर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप जनजातीय/तृतीय भाषाओं पर शिक्षकों के लिए एक ऑरियंटेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया, जो बहुभाषावाद और स्कूली शिक्षा में मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने पर जोर देना है। राज्य के विभिन्न जिलों के कुल 696 शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। शिक्षकों को निम्नलिखित जनजातीय भाषाओं में प्रशिक्षण प्राप्त हुआ उनमें न्यिशी, तागिन, गालो, अपातानी, तांगसा, वांगचो, आका (ह्रसो), मिश्मी कामान, ताराओन मिश्मी, सिंगफो, इदु मिश्मी, आदी, ताए खांप्ती और तुतसा शामिल है।

0000000000000000000000

पापुम पारे उपायुक्त विशाखा यादव ने कल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोईमुख में जिला मीसिल्स-रूबेला उन्मूलन अभियान का आधिकारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उपायुक्त ने जमीनी स्तर पर समन्वय के महत्व पर ज़ोर दिया और कहा कि टीकाकरण से हिचकिचा रहे परिवारों तक पहुँचने में पंचायती राज संस्थाएँ, प्रभावशाली व्यक्ति और सामुदायिक वक्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने 2024-25 में शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज प्राप्त करने के लिए जिले को बधाई देते हुए सभी हितधारकों से प्रत्येक बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 14 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, अपर सियांग, वेस्ट सियांग, शी योमी, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, आंजाव, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000